# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक-नि०प्रा०/नि० 01-03/2019 252 /पटना, दिनांक 13/02/2019

प्रेषक,

**रंजना कुमारी,**
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी,**
बिहार।

विषय : **प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) के निर्वाचन, 2019 हेतु मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 131 दिनांक 15.01.2019 द्वारा आपको सूचित किया गया है कि प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची पर संबंधित समिति के प्रबंधकारिणी समिति के अनुमोदन के उपरांत ही मतदाता सूची जिला सहकारिता पदाधिकारी को सौंपी जायेगी।

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2019 में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) का निर्वाचन देय है। निर्वाचन देय पैक्सों की स्वच्छ मतदाता सूची की तैयारी सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है। इस हेतु प्राधिकार द्वारा दिनांक 01.03.2019 से 31.03.2019 की अवधि प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची पर प्रबंधकारिणी समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित की गयी है।

अत: अनुरोध है कि दूरभाष, WhatsApp आदि के माध्यम से निर्वाचन देय सभी पैक्सों को तुरंत इसकी सूचना दी जाय तथा उक्त अवधि में अभियान चलाकर निर्वाचन देय पैक्सों की प्रारूप मतदाता सूची पर संबंधित प्रबंधकारिणी समिति का अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय एवं इस संदर्भ में पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति के लिए दिये गये निदेश का भी अनुसरण किया जाय।

विश्वासभाजन

13.2.19

(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 252 /पटना, दिनांक 13/02/2019

प्रतिलिपि- निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.2.19

**संयुक्त सचिव।**

BSEA. dt.08.02.2019 vasant